दैनिक जागरण 09/01/2024

डा. कुलदीप ग्रीन टेक्नालजी इनोवेटिव अवार्ड-2023 से सम्मानित

डा. कुलदीप यादव को सम्मानित करते जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत।

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के डा. कुलदीप यादव को सीएसआइआर-नेशनल बाटनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा ग्रीन टेक्नालजी इनोवेटिव अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। डा. कुलदीप यादव जीएमएन कालेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एमएससी, एमफिल और पीएचडी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से किया है। उन्होंने प्लांट बायोटेक्नालजी, मालिक्यूलर बायोलजी और माइकोलजी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर योगदान दिया है। पत्रिकाओं में 65 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और आठ पुस्तक अध्याय भी लिखे हैं। उन्होंने तीन पुस्तकों का संपादन भी किया है। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बधाई देते हुए कहा कि यह डा. कुलदीप के साथ-साथ कालेज के लिए भी गर्व का विषय है। प्रबन्धन समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह ने भी उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं।